सं0-2133/62-2-2014-2/3(110)/2009

प्रेषक,

डा0 सूर्य प्रताप सिंह,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
लघु सिंचाई विभाग,
उ0 प्र0 शासन।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-2 लखनउ- दिनांक- 12 अगस्त,2014

विषय- चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष में सामान्य योजना के अधीन सामूदायिक ब्लास्ट वेल का निर्माण (नाबार्ड पोषित) योजना के अन्तर्गत बजट प्राविधान के सापेक्ष 50 प्रतिशत सीमा तक की अवशेष धनराशि को अवमुक्त किये के संबंध में (राज्य योजना)।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-जी-493/ल0सिं0/बजट-आर0आई0डी0एफ0/2011-12, दिनांक 31-07-2014 एवं वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22-07-2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के अन्तर्गत आयोजनागत पक्ष में सामान्य योजना के अधीन सामुदायिक ब्लास्ट वेल का निर्माण (नाबार्ड पोषित) हेतु बजट में प्राविधानित धनराशि रू0-8900.00 लाख के सापेक्ष लेखानुदान के माध्यम से प्रथम चार माहों हेतु शासनादेश सं0-1112/62-2-2014-2/3(110)/2009, दिनांक 16-05-2014 द्वारा धनराशि रू0-2966.66 लाख (रूपया उन्तीस करोड छियासठ लाख छियासठ हजार मात्र) अवमुक्त की जा चुकी है। इस प्रकार प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष 50 प्रतिशत की सीमा तक की धनराशि में से पूर्व में अवमुक्त की गयी धनराशि रू0-2966.66 लाख को घटाने/समायोजित करने के उपरान्त अवशेष धनराशि रू0-1483.34 लाख (रूपया चौहद करोड तिरासी लाख चौतिस हजार मात्र) को आपके निस्तारण पर रखे जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) यह धनराशि वित्तीय वर्ष 2014-15 के अन्तर्गत लघु सिंचाई विभाग की योजना सामुदायिक ब्लास्ट वेल का निर्माण (नाबार्ड पोषित) पर व्यय हेतु है।

(2) अवमुक्त धनराशि को किसी ऐसे मद पर पर कदापि व्यय न किया जाये, जिसके लिए वित्तीय हस्तपुस्तिका तथा बजट मैनुअल एवं शासन के स्थाई/अस्थाई आदेशों के

http://shasanadesh.up.nic.in/ASAP

अन्तर्गत शासन या सक्षम अधिकारी की स्वीकृति आवश्यक हो, ऐसा व्यय शासन/सक्षम अधिकारी की स्वीकृति व सहमति प्राप्त करने के उपरांत ही किया जाय।

(3) प्रथम वरीयता पर बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत ब्लास्ट कूपों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय अन्य किसी मद/योजना में कदापि न किया जाय।

(4) स्वीकृत की गई धनराशि का आहरण/उपभोग प्रश्नगत योजना संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने के बाद ही किया जायेगा तथा सी0सी0एल0 प्रणाली के संबंध में वित्त (लेखा) अनुभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार कार्यवाही की जाय।

(5) अवमुक्त धनराशि से किसी भी दशा में अधिक व्यय न किया जाय तथा समस्त व्यय संबंधित शासनादेशों तथा शासन के स्थाई/अस्थाई नियमों में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन ही किया जाय।

(6) आपको पुनः स्पष्ट किया जाता है कि अतिरिक्त धनराशि की प्राप्ति की प्रत्याशा में अनाधिकृत एवं अधिक व्यय कदापि न किया जाय तथा व्यय अवमुक्त धनराशि तक ही सीमित रखा जाय। व्यय में की गयी किसी भी अनियमितता के लिए आहरण एवं वितरण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

(7) यह कि आहरण एवं वितरण अधिकारी आवंटित धनराशि को व्यय करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि आवंटित धनराशि से अधिक का परिव्यय संबंधित योजना में उनके जनपद हेतु स्वीकृत किया गया है। अन्यथा स्वीकृत परिव्यय अथवा अवमुक्त धनराशि, जो भी कम हो, की सीमा तक ही व्यय किया जाय।

(8) यह व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित कर लिया जाय कि अवमुक्त धनराशि के प्रत्येक बिल पर सही, सम्पूर्ण, मुख्य, लघु, उप एवं विस्तृत लेखा शीर्षक अंकित किया जाय और प्रत्येक बिल पर ऊपर दाहिनी ओर लाल स्याही से आयोजनागत शब्द अवश्य लिखा जाय अन्यथा महालेखाकार कार्यालय में सही बुकिंग में बाधा होगी। अवमुक्त धनराशि में यदि किसी संशोधन की आवश्यकता हो तो उसकी सूचना मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग के माध्यम से शासन को दी जायेगी।

(9) विभिन्न अनुदानों के अन्तर्गत् बजट में प्राविधानित धनराशि का आवंटन एवं आवंटित/वितरित धनराशि के समक्ष किये गये व्यय पर नियंत्रण के संबंध में शासनादेश सं0-बी-1-1195/दस-16/94, दिनांक 06 जून,1994 द्वारा निर्गत निर्देशों का कडाई के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(10) अवमुक्त धनराशि के समक्ष किए गये व्यय के निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार निर्धारित रूप पत्रों में उनके सम्मुख अंकित तिथियों तक मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग को आगामी माह की 05 तारीख तक निश्चित रूप से उपलब्ध करायें जायें।

1-मासिक व्यय विवरण	आगामी माह की 05 तारीख तक
2-प्रारम्भिक व्ययाधिक्य तथा बचत विवरण	15-10-2014 तक
3-व्यायाधिक्य तथा बचट का अंतिम विवरण्	15-12-2014 तक
4-वर्ष 2014-15 के आवंटन का अंतिम लेखा	15-02-2015 तक

http://shasanadesh.up.nic.in/ASAP

विवरण (पुनर्विनियोग का प्रस्ताव) यदि कोई हो

5-आवंटन का समर्पण 15-03-2015 तक

नोटः- दिनांक 15-03-2015 के बाद कोई भी समर्पण स्वीकार नही किया जायेगा।

(11) तत्संबंधित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-15 के अन्तर्गत अनुदान सं0-13 के अधीन **"लेखा शीर्षक-4702-लघु सिंचाई पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-800-अन्य व्यय-03-सामुदायिक ब्लास्ट वेल का निर्माण (नाबार्ड पोषित)-24-वृहत निर्माण कार्य"** के नामे डाला जायेगा।

2- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 उ0 प्र0 शासन के कार्यालय ज्ञाप सं0-बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22-07-2014 के तहत जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

ह0/

(डा0 सूर्य प्रताप सिंह)

प्रमुख सचिव।

सं0-2133(1)/62-2-2014, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)।/।। उ0 प्र0 इलाहाबाद।

2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) ।/।। उ0 प्र0 इलाहाबाद।

3- नियोजन अनुभाग-3, उ0 प्र0 शासन।

4- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2, उ0 प्र0 शासन।

5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उ0 प्र0 शासन।

6- निदेशक, सूचना, उत्तर प्रदेश।

7- एन0आई0सी0 की प्रति।

8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ह0/

(एस0पी0 सिंह)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/SAP